# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जुलाई 2018




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## निगम आयुक्त श्री के0एल0 चैहान द्वारा दूसरे दिन भी किये आकास्मिक निरीक्षण

**भिलाईनगर**/निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा आज निगम क्षेत्र के अंतर्गत दूसरे दिन जोन-03, 04, 05 एवं जोन 06 अन्तर्गत चल रहे विकास कार्य एवं अमृत मिशन योजना अंतर्गत भिलाई जलप्रदाय योजना फेस-2 अन्तर्गत निर्माणाधीन पानी टंकी एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य में धीमी गति पाये जाने पर ठेंकेदार एवं अधिकारियों को नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में गति लाने एवं श्रमिक बढाये जाने के सक्त निर्देश दिये गये, ताकि समय-सीमा पर कार्य पूर्ण हो सकें। कार्य की गुणवक्ता बनी रहे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने जोन 03, 04, 05 एवं जोन 06 कार्यालय के विभिन्न वार्डो के अन्तर्गत निरीक्षण के दौरान मुख्य रुप से सेक्टर 06 पुलिस लाईन, श्रमिक बस्ती, सेक्टर 05 गणेश मंदिर के पास पेवर ब्लाक का कार्य, सेक्टर 02 गणेश पंडाल में मंच निर्माण, नाली निर्माण एवं गलियों में लग रहे पेवर ब्लाक एवं सेक्टर 01 मंे बन रहे स्टेडियम के कार्यों का निरीक्षण किया गया। सेक्टर एरिया के झुग्गी झोपड़ी में निवासरत् नागरिकों को बारिश के मौसम पर गलियों में पानी जाम हो जाने एवं किचड़ फैलने के कारण आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता था के संबंध में वार्ड के नागरिक एवं पार्षदों के द्वारा आयुक्त महोदय से विकास कार्य किये जाने का निवेदन किया गया था। उक्त स्थानों में गलियों पर पेवर ब्लाक से निर्माण कार्य कराया गया है।



## दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में लगभग 13 करोड़ के विकास कार्य का भूमि पूजन माननीय मंत्री जी द्वारा किया गया

**भिलाईनगर/** श्रम का कार्य चाहे छोटा हो या बड़ा श्रम का सदैव सम्मान होना चाहिए। छ0ग0 सरकार ने प्रदेश के श्रमिको को पहचान कर उन्हे समाज में उचित स्थान दिलाने के लिए प्रयास किया है श्रमिक अपनी गंभीर बिमारी के ईलाज के लिए खेत और मकान बेचा करते थे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत् श्रमिक अब प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर के बड़े से बड़े अस्पतालों में अपना ईलाज करवा सकतें हैं। उक्त उद्गार छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शासकीय स्कुल रिसाली में आयोजित सामग्री वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किया। उन्होने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी ने सौभाग्य योजना के तहत् सभी के स्वास्थ्य लाभ के लिए स्मार्ट कार्ड बनाकर अमीर और गरीब का फर्क मिटा दिया है। स्मार्ट कार्ड इ समंच पर बैठक मंत्री का भी बनेगा और उस मजदुर का भी बनेगा जो मकान निर्माण में कुली और रेजा का कार्य कर रहें हैं। मंत्री ने कहा कि छ0ग0 सरकार ने श्रमिको को उचित सम्मान देने के लिए बोर्ड का गठन कर आज उन पंजीकृत श्रमिकों को सायकल, सिलाई मशीन, ई-रिक्शा, टूल कीट, उज्जवला गैस, राशन कार्ड, प्रदान कर रही है।



## बारिश के मौसम में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने निगम प्रशासन पूरी तरह से सजग

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने पिछले 48 घण्टो से नगर निगम क्षेत्र में रुक-रुककर हो रही बारिश को देखते हुए सभी जोन के आयुक्त, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षकों, को सक्त निर्देश दिये है कि क्षेत्र के निचली बस्तियों में पानी का जमाव न हो इस पर सतत् निगरानी रखकर तथा साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ सडको पर बिजली, जल व्यवस्था, हेण्ड ट्राली, वाहन, जहा जिन सड़को पर पानी का जमाव हो गया हो वहा पानी निकासी की व्यवस्था करें, साथ ही अपने संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए पुरी व्यवस्था पर सतत् निगरानी रखें ताकि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न हों। वार्डो के स्थानीय सामुदायिक भवन में बाढ़ से प्रभावित नागरिकों को रखने हेतु भवन में दरी, विद्युत, पेयजल सहित, खाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा की गई कार्यवाही से लगातार मुझे अवगत कराते रहे। आयुक्त के0एल0 चौहान ने खासकर निगम क्षेत्र के सघन घनी तथा सकरी बस्तियों में जहा तेज वर्षा के कारण वर्षा जनित पानी के निकासी हेतु जगह कम रहती है तथा नालियों के माध्यम से ही पानी बस्तियों के बाहर जा पाता है, इस स्थिति में नालियां थोड़ा भी जाम हो जाने पर नालियों से गंदा पानी सड़क एवं बस्तियों में फैल जाती है जिससे मच्छर पनपने एवं मौसमी बिमारियों का हो जाने का खतरा बढ़ जाता है ऐसी जगहों को प्राथमिकता के आधार पर सफाई अमला लगाकर विशेष सफाई अभियान करें। जिससे मौसमी बिमारियों पर रोक लगाई जा सके।



## फागींग मशीन द्वारा आयल के धुएं का छिड़काव एवं मच्छर लार्वा नियंत्रण हेतु

**भिलाईनगर/** निगम आयुक्त के0एल0 चौहान द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में निगम क्षेत्रान्तर्गत मौसमी एवं जलजनित बिमारियों के रोकथाम एवं बचाव हेतु निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विशेष स्वास्थ्य शिविर का कार्य निरंतर जारी है, विगत् सप्ताह 16 से 21 जूलाई तक कुल आयोजित 08 शिविर में आये 158 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें दस्त 04, उल्टी 01, बुखार 17 एवं अन्य 146) रोग निरोधक दवाईयां दी गई। बुखार से प्रभावित होकर आये मरीजों का रक्त पट्टिका तैयार कर खुन जांच हेतु लैब भेजा गया । निगम आयुक्त के0एल0 चौहान द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में 22 जुलाई दिन रविवार को वार्ड 30 खुर्सीपार जोन-02, बालाजी नगर एवं वार्ड 36 खुर्सीपार जोन 01, गौतम नगर, में कुछ लोगों के बुखार से प्रभावित होकर विभिन्न अस्पतालों में भर्ती होने की सूचना के आधार पर गौतम नगर में कुष्ठ बस्ती एवं महिला सुलभ मार्ग में आयोजित शिविर में 27 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें03 बुखार, अन्य 24) तथा बालाजी नगर के राममंदिर के पास अण्डा चौक में आयोजित शिविर में 13 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें 08 बुखार अन्य 03) रोग निरोधक दवाईयां दी गई। मच्छर उन्मूलन हेतु हैण्ड फागींग मशीन द्वारा किंग फाग के धुएं का छिड़काव एवं स्प्रेयर पम्प द्वारा 900 एमएल मैलाथियान का छिड़काव करवाया गया।



## श्रमिको को सामग्री का वितरण किया गया

**भिलाईनगर/** श्रम के पसीने के बगैर किसी भी शहर, प्रदेश व देश का विकास संभव नहीं है केन्द्र व छ0ग0 सरकार ने श्रमिकों के महत्व को समझा है और उन्हे उनके कार्य क्षेत्र के आधार पर श्रमिको को सामग्री का वितरण कर रही है। जो श्रमिको का वास्तविक सम्मान है।

वैशाली नगर सांस्कृतिक भवन में नगर निगम भिलाई एवं श्रम विभाग दुर्ग द्वारा आयोजित विकास यात्रा 2018 के अंतर्गत सामग्री वितरण कार्यक्रम में वैशाली नगर क्षेत्र के विधायक विद्यारतन भसीन ने उक्त बातें कहीं। उन्होने आगे कहा कि किसी भी दुर्घटना के बाद घायल या मृत श्रमिक परिवार की सुध लेने वाला अभी तक कोई सरकार नहीं थी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इनकी सुध लेते हुए श्रमिको का प्रधानमंत्री सुरक्षा एवं जीवन ज्योति बीमा करवाकर संकट की घड़ी में परिवार को आर्थिक मदद प्रदान करने का एक बड़ा अवसर दिया है। श्री भसीन ने विभिन्न सामग्री हेतु चयनित को सामग्री प्रदान कर उन्हे बधाई दी। पार्षद भोजराज सिन्हा ने कहा कि श्रमिको को उनकी आवश्यकता के अनुसार श्रम विभाग द्वारा सामग्री प्रदान किया जा रहा है सहायक श्रम आयुक्त श्रीमती श्रद्धा केशरवानी ने अपने उद्बोधन में बताया कि मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना हेतु चयनित 430 हितग्राहियों को सायकल, 245 हितग्राहियों को टूल कीट, 30 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना के तहत् सामग्री प्रदान किया गया है।



**भारत सरकार शहरी विकास मंत्रालय के सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने अमृत मिशन योजना के कार्यों को लेकर निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान सराहना करते हुए बधाई दी**

**भिलाईनगर/** भारत सरकार शहरी विकास मंत्रालय के सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने आज अमृत मिशन योजना के अंतर्गत भिलाई जलप्रदाय योजना फेस-02 में निर्माणाधीन 66 एमएलडी प्लांट एवं प्रियदर्शनीय परिसर सुपेला में दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन ''शहरी पथ विक्रेता को सहायता अंतर्गत वेन्डिंग जोन एवं बाजार विकास'' का निरीक्षण करने पहुंचे निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान से हो रहे कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की निरीक्षण के दौरान छ0ग0 शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास के सचिव श्री रोहित यादव, नगरीय निकाय के संचालक श्री निरंजन दास,दुर्ग कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल, श्री आर0के0 नारंग, निगम अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र सिंह, सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। भारत सरकार शहरी विकास मंत्रालय के सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर संतोष व्यक्त करते हुए दुर्ग कलेक्टर एवं निगम आयुक्त को बधाई दी। नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने निगम क्षेत्र के अंतर्गत अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, गौरव पथ निर्माण, सेग्रिगेशन प्लांट, आंागनबाड़ी केन्द्र, महिला सशक्तिकरण केन्द्र, ई-सेवा केन्द्र, उद्यान, तालाब, सहित निगम क्षेत्र में चल रहे केन्द्र एवं राज्य शासन के योजनओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी माननीय सचिव महोदय के समक्ष रखी।



## निगम आयुक्त जनदर्शन में प्रस्तुत आवेदन का तुरंत निराकरण किया गया।

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त जनदर्शन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के द्वारा जो आवेदन आयुक्त महोदय के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं जिसके निराकरण करने हेतु तत्काल उपस्थित अधिकारियों को निर्देश श्री चौहान के द्वारा दिया जाता है तथा की गई कार्यवाही से अवगत कराने के भी निर्देश दिए जाते हैं। आज निगम जनदर्शन में जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर कार्यालय के अंतर्गत राधिका नगर में अवैध रूप से संचालित चिकन दुकान की शिकायत आवेदन पर निगम आयुक्त श्री चौहान ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वह तत्काल जोन क्रमांक 01 नेहरू नगर के स्वास्थ्य अमले को मौके का निरीक्षण करावे तथा अवैध रूप से दुकान संचालित किये जाने पर तत्काल उक्त दुकान को सील करें। आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार जोन-01 का स्वास्थ्य अमला मौके पर पहुंचकर चिकन दुकान को सील करते हुए अवैध रूप से विक्रय कर रहे चिकन को जप्त कर विनिष्टीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की गई। नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के आदेशानुसार निगम क्षेत्र में नाली के ऊपर किए गए अवैध कब्जा हटाए जाने के संबंध में जोन आयुक्तों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिया गया था कि निगम जनदर्शन, आयुक्त कार्यालय, जोन कार्यालय या अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायत आवेदन पत्र पर मौके का निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चत करें, तथा की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें।



# निगम भिलाई से सेवानिवृत्त 06 कर्मचारियों को भावभिनी बिदाई निगम

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई में कार्यरत् 06 कर्मचारी (1) श्री दुर्गा प्रसाद यादव पिता श्री भागीरथी, दफ्तरी (2) श्री मुंशीराम पिता श्री गोकुल, चैकीदार (3) श्रीमती मेहतरीन बाई पति श्री मोतीलाल साहू, मजदूर (4) श्री सुकालू राम पिता श्री स्व. छोटुल, सफाई कामगार (5) श्री नाथूराम यादव पिता श्री रामूराम, सफाई कामगार (6) श्री परदेशी पिता श्री हीरालाल, सफाई कामगार जो अधिवार्षिक आयु 62 वर्ष की सेवा पूर्ण कर आज सेवानिवृत्त हुए इन समस्त कर्मचारियों को निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान, एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती सुभद्रा सिंह, राजस्व अधिकारी श्री एच.के. चन्द्राकर की उपस्थिति में शा◌ॅल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पहार भेंट कर ससम्मान बिदाई समारोह आयोजित कर निगम सभागार में निगम के अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में दी गई । निगम परिवार की ओर से आप लोगो को विश्वास दिलाता ह◌ॅ◌ू कि आप अपने कार्य सेवानिवृत्त हुए है। निगम परिवार हमेशा आप के साथ रहेगा। मैं आप के उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु होने की कामना करता हू।



**Editorial Board**

श्री कुमार लाल चौहान
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री सुभाष ठाकुर
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई